Title: Need for ensuring early opening of the Railway Zonal Office in Jaipur and include Kota city under its jurisdiction.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से प्रार्थना है कि जयपुर में रेलवे का जोनल कार्यालय स्थापित होना था। भू.पू. प्रधान मंत्री श्री देवेगौड़ा जी ने शिला-पूजन भी किया। मैंने उस समय कहा था कि शिला-पूजन करने के लिए आए हैं या भूमि-पूजन करने के लिए? मुझे निवेदन करना यह है कि आज तक जयपुर में रेलवे के जोनल कार्यालय हेतु जमीन नहीं दी गई है। रेलवे में जोनल कार्यालय की जो स्थापना की गई है वह न के बराबर है। मेरा आग्रह है कि कोटा को भी इसमें शामिल किया जाए क्योंकि कोटा वालों को भी मुम्बई जाने में कट होगा।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से प्रार्थना है कि शीघ्र रेलवे के जोनल कार्यालय को जमीन दी जाए। वह यहां खुला या नहीं, लेकिन जयपुर शहर में खुल गया। इसके लिए तो मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद दे रहा हूं। जोनल कार्यालय के साथ-सा वहां रेलवे कर्मचारियों के क्वार्टर भी बनने हैं। उसे भी शीघ्र बनाया जाए। जयपुर में जोनल कार्यालय खुलने से लोगों को रोजगार मिलेगा।

महोदय, जयपुर से चंडीगढ़ और हरिद्वार जाने के लिए कोई भी सीधा रेल लिंक नहीं है। जयपुर से हरिद्वार अथवा चंडीगढ़ जाने के लिए कोई रेल नहीं चलाई जा रही है। मेरा निवेदन है कि हरिद्वार तो हर व्यक्ति को जाना ही पड़ता है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि जयपुर से हरिद्वार के लिए सीधी रेल चलाने की व्यवस्था करें और इसके साथ ही साथ जयपुर से चंडीगढ़ के लिए भी रेल चलाई जाए।

अध्यक्ष महोदय, आप सर्वोच्च हैं और हमारे संरक्षक हैं। मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप तो सरकार को बाध्य कर सकते हैं। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : हम सरकार को बाध्य नहीं कर सकते, लेकिन आप हमारी मार्फत अपनी बात कह सकते हैं।

श्री गिरधारी लाल भार्गव : अध्यक्ष महोदय, सरकार जयपुर में जमीन देकर शीघ्र रेलवे का जोनल कार्यालय खोले, वहां रेलवे की कालोनी बनाए और जयपुर से हरिद्वार तथा चंडीगढ़ के लिए सीधी रेल चलाने की व्यवस्था करे।

MR. SPEAKER: I wish everybody follows his example. He sits quietly and patiently that I always try to call him. He never creates any problem. I thank him for this cooperation. He is always raising the issue regarding Jaipur.